Title: Need for construction of road between Manjhi and Barauli via Maharanjganj in Saran, Bihar under National Highway Link Project − Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : बिहार के सारण कमिश्नरी के अंतर्गत मांझी वाया महराजगंज बरौली पथ बहुत ही जर्जर हो चुका है। सड़क के नाम पर मात्र अवशो ही बचा है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है जिस पर वाहन से यात्रा करना जोखिम भरा कार्य है। यहां तक कि उस सड़क पर पैदल यात्रा करना भी मुश्किल है, जबकि उक्त सड़क छपरा, सिवान और गोपालगंज जिला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों को जोड़ने के लिए मुख्य सड़क है। यह सड़क रा्ट्रीय राजमार्ग 88 और रा्ट्रीय राजमार्ग हाजीपुर से गाजीपुर को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। इस सड़क पर वाहन का दबाव सबसे अधिक है जबकि सड़क की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय है। इस सड़क का निर्माण कार्य केन्द्र सरकार की सीआरएफ योजना के अंतर्गत या लिंक एन.एच. योजना के अंतर्गत कराने हेतु सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं। इस पथ को दोनों योजनाओं में शामिल करने हेतु राज्य सरकार द्वारा भी पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया था।